Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः– BMSIC/80065/28-2017/5640 दिनांकः– 13/10/2020

प्रेषक,

विकाश कुमार झा
उप महाप्रबंधक (परियोजना)

सेवामें,

अरविन्द कुमार सिंह,
पिता अशोक कुमार सिंह
गजाधर चौक, रामनगर गोला रोड,
दानापुर जिला पटना।

विषयः– माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के सात निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, गोगरी जिला खगड़िया के परिसर में बनाए जा रहे ए0 एन0 एम0 स्कूल सह छात्रावास के भवन निर्माण कार्य के धीमी प्रगति के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांकः–BMSIC/80065/28-2017/5467 दिनांकः–12.02.2019, पत्रांकः–BMSIC/80065/28-2017/5377 दिनांकः–10.12.2019 एवं पत्रांकः–BMSIC/80065/28-2017/2111 दिनांकः–30.05.2020

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र का कृपया संदर्भ किया जाय। प्रसांगिक पत्रांकः–BMSIC/80065/28-2017/5467 दिनांकः–12.02.2019 के माध्यम से निर्माण स्थल पर प्रचुर मात्रा में सामग्रियों का भण्डारण एवं अधिकाधिक संख्या में मानव बल की व्यवस्था कर निर्माण कार्य में तीव्र गति लाने हेतु निदेशित किया गया था, अन्यथा SBD के सुसंगत कंडिकाओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। मात्र 75% कार्य पूर्ण होने के कारण पुनः पत्रांकः–BMSIC/80065/28-2017/5377 दिनांकः–10.12.2019 के माध्यम से निर्माण स्थल पर प्रचुर मात्रा में सामग्रियों का भण्डारण एवं अधिकाधिक संख्या में मानव बल की व्यवस्था कर निर्माण कार्य में तीव्र गति लाने हेतु निदेशित किया गया था, अन्यथा SBD के सुसंगत कंडिकाओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। दूरभाष के माध्यम से विषयांकित परियोजना की प्रगति धीमी रहने के कारण प्रगति का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निदेशित किया गया था, फिर भी आपके द्वारा परियोजना में प्रगति लाने की दिशा में कोई समुचित प्रयास नहीं किया गया, जिसके कारण इस कार्यालय के पत्रांकः–BMSIC/80065/28-2017/2111 दिनांकः–30.05.2020 के माध्यम से स्पष्टीकरण की माँग की गई, परंतु आपके द्वारा स्पष्टीकरण का उत्तर सात दिनों के अन्दर समर्पित न करके दिनांकः–10.09.2020 को एक अभ्यावेदन समर्पित किया गया जो संतोषजनक एवं स्वीकार योग्य नहीं है और न हीं कार्य में प्रगति लाते हुए परियोजना पूर्ण करने के लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास किया गया। उल्लेखनीय है कि कार्यादेश में प्रावधानित कार्यपूर्णता की तिथि समाप्त हो जाने के पश्चात् भी अभी तक आपके द्वारा लगभग 90% मात्र हीं कार्य पूर्ण कराया गया है, जिससे स्पष्ट है कि आपके द्वारा जानबुझकर परियोजना पूर्ण करने की दिशा में लापरवाही बरती गई है, जिसके कारण सरकार द्वारा स्वीकृत इस परियोजना का निर्माण ससमय पूर्ण नहीं कराया जा सका है।

अतः उपरोक्त विषयांकित कार्य में बरती गई लापरवाही के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के कंडिका 11 (क) (ii) में वर्णित प्रावधानों के तहत आपके फर्म (निबंधन संख्या–प्रथम 9/2016–17(व्यक्तिगत) बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम) को कार्य पूर्ण होने तक निलंबित करते हुए किसी भी निविदा में भाग लेने से डिबार किया जाता है। उपरोक्त प्रस्ताव पर प्रबंध निदेशक का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

Vikash Kr. Jha
13/X/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)

4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
Phone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288
www.bmsicl.gov.in

ज्ञापांकः– BMSIC/80065/28-2017/5640 दिनांकः–13-10-2020.

प्रतिलिपिः–प्रकाश चन्द्रा, सहायक प्रबंधक (परियोजना), बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना / पर्यवेक्षण परामर्शी डायनेमिक प्रोजेक्टस प्रा0 लि0, कोलकाता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Vikash Kr. Jha
13/X/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः–BMSIC/80065/28-2017/5640 दिनांकः– 13-10-2020.

प्रतिलिपिः–श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को बी0एम0एस0आई0सी0एल0 के बेवसाइट पर संवेदक के डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

Vikash Kr. Jha
13/X/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः–BMSIC/80065/28-2017/5640 दिनांकः–13-10-2020

प्रतिलिपिः–सिविल सर्जन, खगड़िया को सूचनार्थ प्रेषित।

Vikash Kr. Jha
13/X/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः–BMSIC/800030/01-2018/दिनांकः–5640

प्रतिलिपिः–जिलाधिकारी, खगड़िया को सादर सूचनार्थ समर्पित।

Vikash Kr. Jha
13/X/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः–BMSIC/80065/28-2017/5640 दिनांकः–13-10-2020.

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुल निर्माण निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, भवन निर्माण निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सादर सूचनार्थ समर्पित।

Vikash Kr. Jha
13/X/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः–BMSIC/80065/28-2017/5640 दिनांकः–13-10-2020.

प्रतिलिपिः– प्रबंध निदेशक, बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

Vikash Kr. Jha
13/X/2020

उप महाप्रबंधक (परियोजना)